

# हादसे में परीक्षा देकर लौट रहीं 10वीं की छात्राओं समेत 3 जख्मी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 मार्च।** हाईस्कूल की परीक्षा देने के बाद घर जा रहीं दो छात्राओं की बाइक की सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक से

**सिहौनिया गांव में शुक्रवार की दोपहर हुआ हादसा, दो ग्वालियर रैफर**

भिंड़त हो गई। हादसे में बाइक पर सवार दो छात्राओं सहित एक युवक जख्मी हो गया। जिनमें से युवक व एक छात्रा को गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया



गया है। हादसा शुक्रवार की दोपहर सिहौनिया थाना क्षेत्र में हुआ।

जानकारी के अनुसार सिहौनिया क्षेत्र के ग्राम पुरावसखुर्द निवासी विजय राठौर पुत्र पूरन राठौर शुक्रवार की दोपहर अपनी बहन सपना राठौर और उसकी सहेली पल्लवी को मिरघान स्थित परीक्षा केन्द्र पर 10 वीं बोर्ड परीक्षा का पेपर दिलवाने के बाद बाइक पर बैठाकर घर ले जा रहा था। इसी दौरान जब वे तीनों सिहौनिया गांव से गुजर रहे थे, तभी उनकी बाइक सामने से आ रही एक अन्य बाइक से टकरा गई। हादसे में विजय के साथ उसकी बहन सपना और पल्लवी बुरी तरह जख्मी हो गए। डायल-112 वाहन की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से गंभीर हालत के चलते विजय और पल्लवी को ग्वालियर रैफर कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

# हाईस्कूल हिंदी के पेपर में 1107 अनुपस्थित, 3 नकलची पकड़े

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 मार्च।** माशिमं द्वारा हाईस्कूल हिंदी विषय का पेपर शुक्रवार को हुआ। जिसमें कुल 29 हजार 323 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें से 28 हजार 216 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि

**जिला पंचायत सीईओ ने 6 परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण**

1107 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं तीन नकल प्रकरण भी बने।

जिला शिक्षाधिकारी बीएस इंदौलिया ने बताया कि हाईस्कूल हिंदी विषय के पेपर में अशासकीय पंडित नेहरू कॉलेज बानमोर भाग-1 में 3 नकल प्रकरण दर्ज बने। जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने शुक्रवार



को जिले के 6 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पॉलीटेक्निक कॉलेज भाग-1 और 2, यूनिक पब्लिक स्कूल मुरैना, जेएस पब्लिक स्कूल मुरैना, एसडीएम पब्लिक स्कूल मुरैना और शासकीय जीडी जैन स्कूल मुरैना का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा केंद्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने परीक्षा संचालन में पारदर्शिता, गोपनीयता एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल देते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा का संचालन स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होता पाया गया। सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता संबंधी प्रबंध तथा परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं संतोषजनक रहीं।

# घर के सामने से गुजरी 11 केवी लाइन से किशोरी को करंट लगा



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 मार्च।** ग्राम मजरा में निर्माणाधीन मकान में काम के दौरान 14 वर्षीय किशोरी को 11 केवी हाईटेंशन लाइन से करंट लग गया। करंट लगते ही किशोरी जमीन पर गिर पड़ी और कुछ देर तक उसके मुंह से आवाज तक नहीं निकल सकी, जिससे गांव में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार ईशु गुर्जर 14 पुत्री कपूर सिंह गुर्जर निवासी ग्राम मजरा अपने निर्माणाधीन मकान की तराई कर रही थी।

घर के आगे से 11 केवी विद्युत केबल निकली थी। तराई के दौरान पानी की बौछार इस लाइन से जा टकराई, जिससे किशोरी को करंट का तेज झटका लगा और वह मूर्च्छित हो गई। परिजन और आसपास के लोग तत्काल किशोरी को अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टर ने तत्काल उसका इलाज शुरू किया।

**ग्रामीण बोले-बिजली कंपनी में दिया आवेदन, नहीं हटाई लाइन**

ग्रामीणों ने बताया कि सर्वे नंबर 619 पर स्थित मकान के सामने से 11 केवी की लाइन गुजर रही है, जिसे हटाने के लिए पहले भी जौरा विद्युत विभाग में शिकायती आवेदन दिया था। लेकिन आज तक लाइन को शिफ्ट नहीं किया गया है।

# एसएएफ आरक्षक ने पिस्टल से चाचा को गोली मारी, रैफर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 मार्च।** एसएएफ की 5वीं बटालियन में पदस्थ आरक्षक ने पारिवारिक विवाद को लेकर अपने चाचा को



पिस्टल से गोली मार दी। जांघ में गोली लगने से चाचा लहूलुहान हो गया। उसे गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया गया है। घटना सुमावली थाना क्षेत्र के

**सुमावली क्षेत्र के ग्राम पहावली में हुई घटना, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज**

अंतर्गत पहावली गांव में शुक्रवार को हुई। पुलिस ने चाचा पर जानलेवा हमला करने वाले एसएएफ आरक्षक के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत



अपराध दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सुमावली क्षेत्र के ग्राम पहावली निवासी राजू गुर्जर 40 पुत्र लालाराम गुर्जर शुक्रवार की सुबह जब अपने घर में था। तभी किसी बात को लेकर एसएएफ की 5वीं बटालियन में बतौर आरक्षक पदस्थ उसके भतीजे रवि गुर्जर पुत्र गंभीर सिंह गुर्जर से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरक्षक रवि ने रिवॉल्वर से अपने चाचा राजू गुर्जर पर फायर ठोक दिया। गोली राजू की जांघ में लगी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। गोली मारने के बाद रवि वहां से भाग निकला। राजू को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे ग्वालियर रैफर कर दिया। सुमावली पुलिस ने एसएएफ आरक्षक रवि गुर्जर के विरुद्ध बीएनएस की धारा-109 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

**नि:संतान चाचा की जमीन को हथियाने रवि बना रहा था दबाव**

भतीजे के हमले में जख्मी हुए राजू गुर्जर के साले रनवीर सिंह गुर्जर निवासी ग्राम मौरोली जिला धौलपुर राजस्थान ने बताया कि राजू की शादी को लंबा समय बीतने के बाद भी उसको कोई संतान नहीं है। जिसे लेकर उसके भतीजे रवि द्वारा अपने पिता के साथ मिलकर राजू पर उसके हिस्से की जमीन को हथियाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था।

**इनका कहना है...**

पहावली गांव में राजू गुर्जर को उसके भतीजे रवि गुर्जर ने गोली मारकर जानलेवा हमला किया है। रवि एसएएफ में आरक्षक है। हत्या के प्रयास की धाराओं में आरक्षक रवि गुर्जर के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

**- रवि प्रताप गुर्जर**
**थाना प्रभारी, सुमावली**

# मृतक के परिजन को 2 लाख की आर्थिक मदद स्वीकृत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 मार्च।** तहसीलदार बानमौर के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने हिट एंड रन मोटर

**अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर सिर में लगी थी चोट**

दुर्घटना योजना के अंतर्गत मृतक के वैध वारिस को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

उल्लेखनीय है कि 3 अक्टूबर 2025 को फूलपुर फाटक के पास अज्ञात वाहन से यशवंत कुशवाह पुत्र धनीराम कुशवाह को टक्कर मार दी, जिससे गंभीर चोट सिर में आई। इलाज के लिए पॉली ट्रॉमा वार्ड जेएच ग्वालियर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उक्त प्रकरण में कलेक्टर द्वारा संशोधित हिट एंड रन मोटर दुर्घटना पीड़ित मुआवजा योजना के प्रावधानों के तहत फूलपुर रोड डिपो बानमौरखुर्द मुरैना निवासी यशवंत पुत्र धनीराम कुशवाह के वैध वारिस पत्नी श्रीमती गिरिजा को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# महाराजपुर गांव से 2 .40 लाख की 80 पेटी देशी शराब बरामद

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 मार्च।** अवैध रूप से बिक्री करने के लिए महाराजपुर गांव के एक घर में छुपाकर रखी गई 80 पेटी देशी शराब को

**अवैध बिक्री के लिए तिवरिया में छुपाकर किया था भंडारण**

सिविल लाईन थाना पुलिस ने जब्त कर लिया है। जब्त शराब का बाजारू मूल्य 2 लाख 40 हजार रूपये आंका गया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान शराब का भंडारण करने वाले 2 युवक मौका



पाकर भाग निकले।

जानकारी के अनुसार सिविल लाईन थाना पुलिस को सूचना मिली कि महाराजपुर गांव में रहने वाले नवल सिंह किरार के घर में स्थित तिवरिया में भारी मात्रा में शराब का भंडारण किया गया है। निरीक्षक उदयभान सिंह यादव ने फोर्स के साथ महाराजपुर गांव में स्थित नवल सिंह किरार के घर दविश दी, पुलिस टीम की भनक लगते ही वहां मौजूद दो युवक भाग निकले। पुलिस ने जब घर के अंदर जाकर जांच-पड़ताल की तो तिवरिया के अंदर छुपाकर रखी गई देशी शराब की 80 पेटियां मिलीं। जिन्हें पुलिस जब्त कर अपने साथ थाने ले आई। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में निरीक्षक उदयभान सिंह यादव, एसआई अजय वैशांदर, एएसआई शेरसिंह यादव, प्र.आर. उदयवीर सिंह, सुनील बंसल, आरक्षक संजय, सुनील, जितेन्द्र तोमर, ध्रुव सिंह शामिल थे।

## एक नजर में

### कैलारस तहसीलदार बने भारतेन्दु गौतम, सम्हाला पदभार



**मुरैना/कैलारस, 6 मार्च।** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर लोकेश जांगिड़ द्वारा राजस्व विभाग में तहसीलदारों के स्थानांतरण किए गए हैं। इसी क्रम में अंबाह तहसील से कैलारस स्थानांतरित किए गए भारतेन्दु गौतम ने 6 मार्च को कैलारस तहसीलदार का पदभार सम्हाल लिया है। पदभार सम्हालने के बाद उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों से परिचयात्मक भेंटवार्ता की। प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने राजस्व कार्यों को सुचारु, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संचालित करने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व तहसीलदार नरेश शर्मा का स्थानांतरण कैलारस से अंबाह तहसील में किया गया है, जबकि अंबाह में पदस्थ तहसीलदार भारतेन्दु गौतम को कैलारस की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौतम की कार्यशैली, जनसंपर्क और प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए क्षेत्र में राजस्व कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।




### विश्व श्रवण दिवस पर हुआ कार्यक्रम, जागरुकता रैली को दिखाई हरीझंडी

**मुरैना।** विश्व श्रवण दिवस के मौके पर 6 मार्च को जिला अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर एक जागरुकता रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना भी किया गया। रैली को नोडल अधिकारी डॉ. सूर्यकांत शर्मा ने हरीझंडी दिखाई। कार्यक्रम का आयोजन सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में हुआ। जागरुकता रैली में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे, उनके द्वारा नागरिकों को कानों की देखभाल और श्रवण संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. गजेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि विश्व श्रवण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में बहरेपन और सुनने की क्षमता में कमी से होने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाना है, ताकि समय रहते उपचार कराया जा सके और लोगों को बेहतर श्रवण स्वास्थ्य के लिए प्रेरित किया जा सके। इस अवसर पर डीपीएम एसपी श्रीवास्तव, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. लोकेंद्र यादव, डॉ. मदनमोहन राजौरिया सहित जिला अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

### अज्ञात वाहन के चालक पर धारा-106 का केस दर्ज

**मुरैना।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र में 5 मार्च को अज्ञात वाहन के चालक ने एनएच-44 पर डोमपुरा तिराहे के नजदीक अशोक शर्मा 46 पुत्र राधेश्याम शर्मा नि. खेरिया माताबसैया को टक्कर मार दी थी। अशोक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### पति-पत्नी के साथ मारपीट का मामला दर्ज

**मुरैना।** माताबसैया थाना क्षेत्र के ग्राम नरिहाई का पुरा निवासी सतीश जाटव 28 पुत्र रामरतन जाटव और उसकी पत्नी रानी जाटव की 5 मार्च को गांव में रहने वाले पन्नालाल पुत्र रामदास, अंकित पुत्र जीवाराम जाटव ने गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मारपीट की धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली है।

### श्रीकृष्ण कुशवाह आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**मुरैना।** आम आदमी पार्टी मप्र के प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर ने जिले में संभाग प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कर्नल उमेश वर्मा की संस्तुति पर नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इसी श्रंखला में श्रीकृष्ण कुशवाह को जिलाध्यक्ष मुरैना नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार रणवीर उपाध्याय को प्रदेश संयुक्त सचिव, सुरभि गर्ग को महिला विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष, सुनील माहौर, पुनीत पिप्पल को प्रदेश उपाध्यक्ष, जितेंद्र सखवार, सुरेंद्र निगम को प्रदेश सचिव, मयंक तोमर प्रदेश सचिव यूथ विंग, सत्येंद्र तोमर प्रदेश सचिव लीगल विंग, संदीप तोमर एजुकेशन विंग के जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं।

# राठौर समाज का होली मिलन आयोजित, फाग गीतों का हुआ गायन




**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 6 मार्च।** नगर में राठौर समाज द्वारा होली मिलन समारोह पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। फाग गीतों की मधुर गूंज से पूरा वातावरण होली के रंग में सराबोर हो गया।

समारोह की शुरुआत भगवान की पूजा-अर्चना कर रंग-गुलाल अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद ढोलक और हारमोनियम की थाप पर पारंपरिक फाग गीतों की प्रस्तुतियां दी गईं। कलाकारों ने आज बिरज में होली रे रसिया, होरी खेलन आए नंदलाल बिरज में और फागुन आयो रे, रंग बरसाने आयो रे जैसे लोकप्रिय लोकगीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित समाजजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फाग गीतों की धुन पर लोग झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा।

इस अवसर पर साधु सिंह राठौर भाजपा जिला मंत्री एवं जिला अध्यक्ष, राठौर समाज मुरैना, मुकेश सिंह राठौर, भूरेलाल राठौर, राजेश राठौर, रामवीर राठौर, रामसुंदर राठौर, रामसेवक राठौर, रामकरन राठौर, सुरेश मास्टर, कल्याण राठौर, हरविलास राठौर पोरसा, प्रेमकिशोर डॉक्टर, ऋषिकेश राठौर, रामबिहारी राठौर और बनवारी राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# ई-अटेंडेंस लगाने जा रहे ननि कर्मचारी की ट्रेन से कटकर मौत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 मार्च।** ई-अटेंडेंस लगाने के लिए तुस्सीपुरा स्थित घर से नगर निगम दफ्तर जा रहे सफाई कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा

**मुरैना स्टेशन के नजदीक ग्वालियर एंड की ओर हुआ हादसा**

शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे मुरैना रेलवे स्टेशन के नजदीक ग्वालियर एंड की ओर होना बताया गया है।

जानकारी के अनुसार शहर के फाटक बाहर क्षेत्र के तुस्सीपुरा इलाके में रहने वाला बंगाली बाल्मीक 27 पुत्र मिश्रीलाल बाल्मीक नगर निगम मुरैना में



बतौर सफाई कर्मचारी तैनात था। 6 मार्च की शाम करीब 4 बजे बंगाली बाल्मीक ई-अटेंडेंस लगाने को नगर निगम दफ्तर जाने के लिए घर से निकला था।

इसी दौरान जब बंगाली मुरैना रेलवे स्टेशन के नजदीक ग्वालियर एंड की ओर रेलवे लाईन को पार कर रहा था। अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचें और पंचनामा तैयार करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# मारपीट के दो मामले दर्ज

**मुरैना, 6 मार्च।** देवगढ़ एवं सबलगढ़ थानों की पुलिस ने मारपीट की धाराओं में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए है। देवगढ़ पुलिस ने सूरज माहौर 24 पुत्र वासुदेव माहौर नि. ताल का पुरा सिहौरी की रिपोर्ट पर मुकेश पुत्र संजय माहौर के विरुद्ध तथा सबलगढ़ पुलिस ने अजीत जादौन 30 पुत्र रामेश्वर जादौन नि. किशोरगढ़ की रिपोर्ट पर चुन्नू खान सहित एक अन्य के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिए है।

**दिमनी में वृद्ध व किशोर से मारपीट के मामले पंजीबद्ध :** दिमनी थाना पुलिस ने वृद्ध एवं किशोर के साथ मारपीट के दो अलग-अलग मामले पंजीबद्ध किए है। पुलिस ने वृद्ध मंगल सिंह तोमर 60 पुत्र गिरेन्द्र सिंह तोमर नि. गोठ की रिपोर्ट पर गजेन्द्र, आशु, राकेश तोमर के विरुद्ध तथा अमित तोमर 17 पुत्र महेन्द्र सिंह तोमर नि. पाय का पुरा की रिपोर्ट पर रुद्रप्रताप, मयंक, उपेन्द्र तोमर के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

# झुग्गी बस्ती के बच्चों ने की जयश्वर महादेव मेले की सैर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 6 मार्च।** कस्बे में इन दिनों उत्साह और रौनक के साथ लग रहे जयश्वर महादेव मेले में गुरुवार को एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। झुग्गी-झोपड़ी और बस्ती के करीब 30 से 40 बच्चों को समाजसेवी सुधीर आचार्य और उनकी टीम द्वारा मेले की नि:शुल्क सैर कराई गई। बच्चों ने झूलों की सवारी की, छुक-छुक रेलगाड़ी में बैठकर मेले




का चक्कर लगाया और अपने पसंदीदा व्यंजनों का आनंद लिया।

समाजसेवी सुधीर आचार्य की पहल पर हर वर्ष की तरह इस बार भी आचार्य आनंद टीम के सहयोग से बस्ती के बच्चों को विशेष रूप से मेले में आमंत्रित किया गया। बच्चों को बड़े और छोटे झूलों पर झुलाया गयाए वहीं छुक-छुक रेलगाड़ी की सवारी कराते हुए पूरे मेले का भ्रमण भी कराया गया। इस अवसर पर विश्वनाथ गुर्जर, बालकृष्ण शर्मा, महेंद्र सखवार, आशीष शर्मा, अरविंद मावई, अंकित मिश्रा और आशीष तोमर सहित अन्य सहयोगी भी बच्चों के साथ मौजूद रहे।